दैनिक भास्कर 11/12/2024

मानवाधिकार दिवस पर जीएमएन के छात्रों ने निकाली रैली

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज में यूथ रेडक्रॉस ने मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में शपथ ग्रहण समारोह करवाया। वाईआरसी के कन्वीनर डॉ. राकेश मुख्य वक्ता थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने की। डॉ. राकेश ने बताया कि दुनिया भर में हर साल 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। ये अधिकार हम सभी में निहित हैं, चाहे हमारी राष्ट्रीयता, लिंग, राष्ट्रीय या जातीय मूल, रंग, धर्म, भाषा या कोई अन्य स्थिति कुछ भी हो। ये सबसे बुनियादी अधिकार जीवन के अधिकार से लेकर उन अधिकारों तक हैं जो जीवन को जीने लायक बनाते हैं, जैसे भोजन, शिक्षा, काम, स्वास्थ्य और स्वतंत्रता के अधिकार। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने शपथ ली कि वे रंग, जाति, धर्म या भाषा किसी भी आधार पर न तो किसी से भेदभाव करेंगे और न किसी के साथ कोई भेदभाव होने देंगे। वाईआरसी के सदस्यों समेत शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक विभाग के सदस्यों ने भाग लिया।